# :: आदेश ::

अधिशासी अभियन्ता, (परियोजना) ग्रामीण विधुतीकरण खण्ड, उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि0 देहरादून के पत्र संख्या 450/आई0ई0डी0 (दे0)/उपाकालि0/2017-17/forest दिनांक 24.10.2017 के द्वारा अवगत कराया गया है, कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना के अन्तर्गत विधुत लाईन निर्माण हेतु आरक्षित वन क्षेत्र पुरोला वन प्रभाग की वनभूमि के एवज में क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिये ग्राम कुनारा-लुदराला में 4.18 हे0 तथा ग्राम डामटी थुनारा में 4.30 हे0 भूमि कुल 8.48 हे0 भूमि की आवश्यकता थी जिसके सापेक्ष महोदय के आदेश दिनांक 05.09.2017 के द्वारा ग्राम गमरी (बंगाण) उपरोक्त ग्रामों के क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु 8.405 हे0 भूमि उपलब्ध करायी गयी थी, जिसमें कुल आवश्यक भूमि में से 0.075 हे0 भूमि कम है।

राजस्व विभाग के आधीन ग्राम गमरी (बंगाण) में भूमि उपलब्ध है। उक्त पत्र के द्वारा आवंटित 8.405 हे0 भूमि के अतिरिक्त 0.075 हे0 भूमि ग्राम-गमरी (बंगाण) में खसरा सं0 330 म. में भूमि उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है। ग्राम डामटी-थुनारा 4.30 हे0 भूमि ग्राम कुनारा लुदराला 4.18 हे0 भूमि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु दोगुने अवनत भूमि कुल 8.48 हे0 भूमि एक ही स्थान पर ग्राम गमरी (बगाण) में उपलब्ध हो सकें । उक्त के अतिरिक्त इस कार्यालय के आदेश संख्या 8594/ग्यारह-03 (2016-17) दिनांक 05.09.2017 के द्वारा ग्राम डामटी थुनारा हेतु दोगुने अवनत भूमि आवंटित की गयी है, को निरस्त करने का अनुरोध किया गया है।

अत: अनुरोध है, कि ग्राम कुनारा-लुदराला एवं डामटी थुनारा में क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए वन विभाग के नाम खसरा सं0 330 म0 0.075 हे0 अतिरिक्त भूमि अर्थात कुल 8.48 हे0 भूमि वन विभाग के पक्ष में हस्तान्तरित करने तथा ग्राम डामटी थुनारा में जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 05.09.2017 द्वारा हस्तान्तरित 3.175 हे0 भूमि के हस्तान्तरण आदेश को स्थगित करने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है ।

ह0/-<br>
( डॉ आशीष चौहान )<br>
जिलाधिकारी,<br>
उत्तरकाशी।

## कार्यालय जिलाधिकारी, उत्तरकाशी ।

संख्या 492/ग्यारह-03 (2016-17) दिनांक 01 नवम्बर, 2017

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1- उप जिलाधिकारी, पुरोला ।

2- तहसीलदार, मोरी ।

3- प्रभागीय वनाधिकारी, टौन्स वन प्रभाग, पुरोला ।

4- प्रबन्ध निदेशक उपाकालि, वि0का0पि0ग0वि0 ऊर्जा भवन देहरादून।

अपर जिलाधिकारी,<br>
उत्तरकाशी।<br>
01/11/17